दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 108 मुरादाबाद 12 August 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## PM मोदी नो पीएमओ के कर्मचारियों की बेटियों से बंधवाई राखी, शुभकामनाएं भी दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को को रक्षा बंधन के अवसर पर प्रधानमंत्री कार्यालय में काम करने वाले सफाई कर्मियों, सहायकों और अन्य कर्मचारियों की बेटियों से राखी बंधवाई। प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर इन युवतियों से राखी बंधवाई। उनके मुताबिक प्रधानमंत्री को राखी बांधने वालों में सफाईकर्मी, सहायक, माली और वाहन चालकों की बेटियां शामिल थीं। अधिकारियों ने एक वीडियो भी ट्विटर पर साझा किया जिसमें प्रधानमंत्री सफाईकर्मी,



सहायक, माली और वाहन चालकों की बेटियों से राखी बंधवाते नजर आ रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर देशवासियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी थीं। भाई और बहन के बीच प्रेम के प्रतीक के रूप में सावन माह की पूर्णिमा को देश भर में रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाता है।

## तेजस्वी बोले- बीजेपी को आउट कर बिहार ने देश को दिखाया रास्ता, बंपर नौकरियां भी देंगे हम



पटना, आनलाइन डेस्क- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार गिराकर महागठबंधन की सरकार बनाने पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार ने पूरे देश को रास्ता दिखाया है। यहां जो हुआ है, पूरे देश में किया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय दलों को खत्म करने पर तुली थी, लेकिन बिहार में खुद विपक्ष में अकेली पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि नई सरकार एक महीने के अंदर बंपर नौकरयां देने जा रही है। नीतीश सीएम तो तेजस्बने डिप्टी सीएम- विदित हो कि मंगलवार को एनडीए की सरकार गिरने के बाद बुधवार को बिहार में महागठबंधन की नई सरकार बनी। इस सरकार में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री तो तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री बने हैं। तेजस्वी ने पद की शपथ लेने के बाद उक्त बातें कहीं हैं। सरकार देगी नौकरियों का अभूतपूर्व आफर- तेजस्वी ने कहा है कि उनकी लड़ाई बेरोजगारी से है। मुख्यमंत्री ने युवाओं व गारीबों के दर्द को समझा है। सरकार एक महीने के अंदर बंपर नौकरियां लेकर आ रही है। नौकरियों का यह आफर अभूतपूर्व होगा। बिहार में अकेली विपक्षी पार्टी बची बीजेपी- राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए तेजस्वी ने कहा कि अब यहां विपक्ष के नाम पर केवल बीजेपी अकेली बची है। बीजेपी सांप्रदायिक तनाव फैला रही थी। वह क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म करने पर तुली थी, लेकिन खुद अकेली हो गई है। जो डर जाए, उसे डराती रहती है बीजेपी- गुरुवार को पटना में शहीद दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री के साथ रहे उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि देश में क्या हो रहा है, यह भी लोग देख रहे हैं। महाराष्ट्र और झारखंड में क्या हुआ इसे लोगों ने देखा है। साफ-सुथरी राजनीति होनी चाहिए। बीजेपी का चाल-चरित्र उजागर है। जो डर जाएगा उसे डराओ और ईडी-आईटी लगा दो। जो बिक जाए, उसे खरीदो। नीतीश के नेतृत्व में महागठबंधन मजबूत- तेजस्वी ने कहा कि दरअसल, एनडीए को 2024 के लोकसभा चुनाव की चिंता है। उसमें उसका सूपड़ा साफ हो जाएगा। नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन पूरी मजबूती के साथ खड़ा है।

## यमुना नदी में नाव डूबने से 30-40 लोग लापता, बाहर निकाले गए चार शव

बांदा- बांदा के मरका घाट से फतेहपुर जा रही नाव यमुना नदी में संतुलन बिगड़ने से डूब गई। उसमें सवार 30 से 40 लोग लापता हैं, इसमें बच्चों समेत 20 से 25 महिलाएं बताई जा रही हैं। ये महिलाएं रक्षाबंधन पर राखी बांधने के लिए मायके जा रही थीं। गोताखारों ने लापता लोगों की तलाश शुरू कर दी है और अबतक चार शव निकाल चुके हैं। रक्षाबंधन पर्व पर समगरा गांव से महिलाएं व लोग मरका घाट पर पहुंचे थे। यमुना नदी पार करके फतेहपुर जिले के असोथर घाट जाने के लिए नाव पर करीब 50 लोग सवार हुए थे। यमुना नदी में बीच धारा में पहुंचते ही नाव असंतुलित होकर पलट गई। नाव में सवार सभी लोग डूब गए लेकिन नाविक तैरकर किनारे पर आ गए। नाव डूबने के बाद करीब तीस से चालीस लोगों का पता नहीं चला है। नाव पर क्षमता से ज्यादा लोगों के बैठने से घटना होने की बात कही जा रही है। मरका घाट पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई है। नाव में सवार लापता महिलाओं की संख्या करीब 20 से 25 बताई जा रही है। आसपास के गावों से गोताखोरों ने लापता लोगों की तलाश शुरू कर दी है और अबतक चार शव निकाले जा चुके हैं। अभी मरने वालों की



पहचान नहीं हुई है। जानकारी के बाद जिलाधिकारी अनुराग पटेल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अफसर भी पहुंच गए हैं। नाव पलटने Banda Boat Accident के बाद तैरकर घाट पर पहुंचे समगरा गांव निवासी गयाप्रसाद निषाद ने बताया कि नाव में करीब 50 लोग सवार थे। इसमें 22 महिलाएं व बच्चे भी हैं। तेज हवा के चलते लहर उठी और नाविक संतुलन नहीं बना सका, जिससे नाव नदी में पलट गई। वह तैरकर किसी तरह किनारे पहुंचे हैं।

## तिरंगा यात्रा पर बवाल: पूर्व चेयरमैन समेत 210 पर केस दर्ज, अब तक 20 गिरफ्तार, पुलिस और पीएसी तैनात

हरदोई जिले के कस्बे पाली में बुधवार शाम हुए बवाल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पूर्व चेयरमैन रिजवान खान और सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष समेत दस नामजद व 200 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही 20 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। बवाल को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई है। बतादें कि बवाल की सूचना पर एसपी



और डीएम ने नगर में भ्रमण कर स्थित को नियंत्रण में किया था। गुरुवार सुबह एसपी राजेश द्विवेदी ने कस्बा पहुँचकर स्थित का जायजा लिया। दस थानों की पुलिस के साथ पीएसी को भी लगाया गया है। उपद्रव में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। फिलहाल कस्बे में शांतिपूर्ण माहौल है। बाजार भी खुली हुई हैं। लोग खरीदारी के लिए भी पहुँच रहे है। कस्बे के मोहल्ला इमाम चौक निवासी सिद्धेश्वरी रस्तोगी ने दी हुई तहरीर में बताया कि बुधवार शाम छह बजे के आसपास मोहल्ला निवासी मुन्ना, मारूफ, जुबैर, आरिफ, शमशाद उसके घर घुस आए। बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मुन्ना ने उसके सीने पर तमंचा लगाकर फायर किया जो मिस हो गया। पुलिस भी मौके पर आ गई थी, जिससे माहौल शांत हो गया। कुछ देर बाद काफी मात्रा में लोग इकट्ठे होकर पत्थरबाजी करने लगे। भगदड़ मच गई। बाजार में दुकानों के शटर गिरने लगे। पुलिस के सिपाहियों के भी चोटें आई। पुलिस ने जब लाठियां भांजना शुरू किया तो उपद्रवी भाग खड़े हुए। छापेमारी की जा रही है।

# जिले मे हर्षोल्लास और गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस





ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही -कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन मे आज अपर कलेक्टर श्री बी सी एक्का ने कलेक्ट्रेट परिसर के अरपा सभाकक्ष मे साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक मे उन्होंने जिले मे गरिमामय और हर्षोल्लास पूर्ण स्वतंत्रता दिवस का आयोजन करने सभी विभाग प्रमुखों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के फायनल रिहर्सल मे सुबह 8 बजे सभी विभाग प्रमुखों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं-निर्देशों के तहत जिले मे चल रहें कार्यो मे तेजी लाते हुए जानकारी उपलब्ध कराने कहा। अपर कलेक्टर द्वारा बैठक में पीएमओ पोर्टल, मुख्यमंत्री जनशिकायत, कलेक्टर जन चौपाल तथा विभिन्न विभागों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली गई तथा लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक मे राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं अमृत सरोवर, तालाबों में ध्वजारोहण, गोमूत्र खरीदी, हाट बाजार क्लीनिक योजना, जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कंपोस्ट आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की रात्रि में सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी करने, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को उनके निवास पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने, नक्सली हिंसा में शहीदों के परिजनों को सम्मानपूर्वक जिला स्तरीय समारोह में आमंत्रित करने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थल पर कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए सैनिटाइजर, मास्क आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों मे कार्यरत ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो बेहतर कार्य कर रहे हैं उनकी सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने कहा जिससे उन्हें मुख्य कार्यक्रम स्थल पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा सके। इसके साथ ही बैठक में खेल अधिकारी द्वारा बताया गया कि 14 अगस्त को जिले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण गरिमा के साथ सभी शासकीय भवनों, कार्यालयों मे तिरंगा फहराने के निर्देश दिए गए तथा हर घर तिरंगा फहराने की अपील की गई। उन्होंने जिले के सभी किसानों का ई-केवाईसी कराने तथा जन शिकायतों के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में परियोजना निदेशक जिला पंचायत श्री आर.के. खूंटे, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही श्री देव सिंह उइके सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अमृत महोत्सव अभियान के तहत होमगार्ड के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार-शाहजहांपुर- हर घर तिरंगा अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत गुरुवार को होमगार्ड के जवानों ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। देशभक्ति के गानों एव भारत माता की जय,बंदेमातरम ,ऐ मेरे बतन के लोगो जरा आंख में भर लो पानी जो शहीद हुए है उनकी जरा याद करो कुर्बानी गानों पर हांथो में तिरंगा लिये तिरंगा यात्रा में देश भक्ति के जज्बे में झूमते दिखे होमगार्ड के जवानों के साथ ही पत्रकार विनोद सिंह, आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला के छोटे भाई सत्यम शुक्ला व मोहल्ला नारायनपुर के सभासद आशीष मिश्रा भी तिरंगा यात्रा में शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपनिरीक्षक रामायण सिंह सहित तमाम पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

## एकल विद्यालय की बालिकाओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार-शाहजहांपुर- शाहजहांपुर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एकल विद्यालय पूरनपुर एवं मैलानी की बालिकाओं ने खुटार थाने पहुंचकर थाने में तैनात पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर धूमधाम से रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। बालिकाओं ने पुलिसकर्मी भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का वचन लेते हुए उनकी लंबी उम्र के लिए भगवान से प्रार्थना की। आम जनता की सुरक्षा के लिये तैनात पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात होने के कारण घर नहीं पहुंच पाते जिसके चलते हर वर्ष एकल विद्यालय की बालिकायें थाने में पहुंचकर पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधती हैं। इस मौके पर तमाम पुलिसकर्मी एवं एकल विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## कोल्हूगाढ़ा गांव मे तिरंगा वितरण के नाम पर हो रही वसूली

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार-शाहजहांपुर- केंद्र और प्रदेश सरकार आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए करोड़ों रूपये खर्च कर रही है, जिससे हर घर मे तिरंगा फहराया जा सके, लेकिन खुटार की ग्राम पंचायत कोल्हूगाढ़ा मे सरकार के इस अभियान को प्रधान और सचिव ठेंगा दिखा रहे है। गांव मे रहने वाले प्रवीण सिंह भदौरिया, अनुभव मिश्र, क्षेत्र पंचायत सदस्य पति कौशलेंद्र सिंह व अन्य ग्रामीण की माने तो गांव के प्रधान जीत शुक्ला के इशारे पर उनके चचेरे भाई ग्रामीणो को राष्ट्रीय ध्वज वितरण करने के नाम पर उनसे 20-20 रूपये की वसूली कर रहे है। प्रवीण सिंह भदौरिया का आरोप है कि जो भी व्यक्ति रूपये नही देता है, उसे ग्राम प्रधान और उनके चचेरे भाई राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा नही देते है। संबंध मे प्रधान जीत शुक्ला से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नही हो सका।

# बाकरगंज ईदगाह में लगने वाला मेला प्रशासन की देख रेख में शांतिपूर्वक तरीके जारी



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली -बाकरगंज ईदगाह में लगने वाला मेला प्रशासन की देख रेख में शांतिपूर्वकतरीके से चल रहा है ईदगाह अध्यक्ष कमेटी खलील अहमद से जानकारी लेने पर पता चला कि मेला प्रशासन की देख रेख में शांतिपूर्वक सफल हो रहा है पुलिस प्रशासन की बैठने की व्यवस्था ईदगाह कमेटी की तरफ से की गई है मौके पर एसपी सिटी बरेली रावेंद्र कुमार मेले का मुआयना कर रहे है डॉक्टर सरताज ने कहा कुछ खुराफाती तत्व ईदगाह कमेटी की छवि खराब करने के लिए बाकरगंज ईदगाह मेले को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं सैयद हबीब हुसैन सेक्रेटरी ने जानकारी दी मेले के अंदर समस्त अधिकारी मौजूद रहते हैं एसपी सिटी साहब एसडीएम साहब सीओ साहब मौजूद रहते हैं और थाना किला अध्यक्ष मौके पर क्षेत्र का मुआयना करते हैं मेले के ग्राउंड में किसी भी प्रकार का कोई शरारती व्यक्ति कोई शरारत ना कर पाए कुछ लोग पार्टी बंदी के चलते हुए ईदगाह कमेटी को बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रच कर झूठी अफवाह फैला रहे हैं जिनका मेले से कोई संबंध नहीं है ईदगाह कमेटी बरेली अध्यक्ष खलील अहमद सेक्रेटरी सैयद हबीब हुसैन कनरल सेक्रेटरी डॉक्टर सरताज हुसैन उपाध्यक्ष मेहताब अली उपस्थित रहे

# ईमाम हुसैन की याद में मनाया गया मोहर्रम निकले गए ताजिये





ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही - गौरेला में मोहर्रम का त्योहार बहोत धूमधाम से मनाया गया। मोहर्रम पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाता है, इमाम हुसैन ने इस्लाम को बचाने के लिए ये लड़ाई नही लड़ी थी, इस दुनिया में मानवता और इंसानियत को बचाने के लिए लड़े थे, उन्होंने अपने परिवार और खुद की कुर्बानी देकर इंसानियत को बचाया। पेंड्रारोड में हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम मनाया गया। टीकर शरीफ दरगाह से ताजिया निकाला गया, टीकर कला, मासूम गली में एक ताजिया बनाया गया, टीकर की ताजिया मासूम गली के ताजिया से मिलाया गया, दोनों ताजिया साथ मे अम्बेडकर नगर होते हुए गांधी चौक गौरेला पहोंची जहा पर गौरेला मदीना मस्जिद की ताजिया से मिलाया गया साथ मे चार सभी ताजिया मिलकर मंगली बाजार, रेस्टहाउस, कमानिया गेट होते हुए संजय चौक पहोंची, जगह जगह पर अखाड़ा भी खेला गया, और लंगर शरबत लोगे ने बाटे संजय चौक से ताजिया लेकर कर्बला पहोचे जहा पर देश मे अमन शांति के लिए दुवा किया गया ।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा मार्च होमगार्ड द्वारा निकाली गई रैली

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- मुरादाबाद जनपद डिलारी में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत डिलारी थाना पुलिस और होम गार्ड्स जवानों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर हर घर तिरंगा अभियान के लिए लोगो को जागरूक किया। स्वतंत्रता दिवस पर पूरे देश प्रदेश में आजादी का जश्न मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को होमगार्ड के जवानों ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा सुबह 11 बजे डीलरा चौक स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज से डीलरा चौक, मुख्य बाजार थाना डिलारी, से होते हुए डिलारी ब्लॉक परिसर में समाप्त हुई। डिलारी थाना क्षेत्र के सर्वोदय इंटर कॉलेज से 75 वे अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा मार्च होमगार्ड संघ द्वारा निकाली गई रैली और निकाली गई रैली का विकासखंड डिलारी ब्लॉक परिसर में समापन हुआ। आपको बताते चलें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की जनता से अपील कर कहा कि सभी लोग अपने घर पर तिरंगा फहरा कर इस 75 आजादी के स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाएं,, जिसके चलते आज सभी होमगार्ड संघ के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर के इस रैली का आयोजन किया और लोगों को इस रैली के माध्यम से जागरूक किया कि सभी लोग 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घर पर झंडा फहरा कर 15 अगस्त को मनाए। कार्यक्रम का शुभारंभ डिलारी थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने किया। कंपनी कमांडेंट सर्वेश कुमार, कैलाश चंद्र, कंपनी कमांडेंट डिलारी रामदास , कंपनी कमांडेंट ठाकुरद्वारा अरविंद, कंपनी कमांडेंट भगतपुर राजीव सिंह, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। भारत माता के गूंजे जयकारे-तिरंगा यात्रा सर्वोदय इंटर कॉलेज से होते हुए ब्लाक तक गई। इस अवसर पर भारत माता के जयकारे लगाए गए। कंपनी कमांडेंट सर्वेश कुमार ने बताया कि अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। तिरंगा यात्रा सर्वोदय इंटर कॉलेज से होते हुए ब्लाक तक पहुंची।

# डिलारी में सर्वोदय इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा




नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जनपद डिलारी में सर्वोदय इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी भाग लेकर देश भक्ति के नारे लगाए। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शर्मा ने बताया कि यात्रा की मदद से नागरिकों के अंदर देश प्रेम जगाने का प्रयास किया गया। प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के 75 वी वर्षगांठ पूरे होने पर हर घर तिरंगा अभियान में प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है। इस दौरान इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने तिरंगा यात्रा सर्वोदय इंटर कॉलेज से डिलारी ब्लॉक शहीद स्मारक तक निकाली सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शर्मा सहित समस्त शिक्षक व स्कूल के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

# डिलारी में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी संयोजिका ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद जनपद के थाना डिलारी में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी संयोजिका संतोष देवी ने डिलारी थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। इस दौरान रक्षाबंधन पर्व की बधाइयां भी दी। पुलिस कर्मियों ने विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी संयोजिका बहन को उपहार भी दिए। गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी संयोजिका संतोष देवी थाना डिलारी पहुंचीं। जहां उन्होंने थाना प्रभारी सुनील कुमार , दरोगा जोगिन्द ,दरोगा अजय सिंह के अलावा कई पुलिस कर्मियों को राखियां बांधी। पुलिसकर्मियों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर मिठाईयां खिलाकर रक्षाबंधन की बधाइयां दी गई। पुलिस कर्मियों ने भी बहन संतोष देवी को उपहार भेंट किए।

# भाजपा किसान मोर्चा महानगर ने सैकड़ों से अधिक परिवारों में राष्ट्रीय ध्वज वितरण किए



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- जपा किसान मोर्चा महानगर के अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कोल विधानसभा क्षेत्र के गांव पतेल नगला आशा का एवं अन्य मोहल्लों में तिरंगा झंडा वितरण किए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कुछ क्षेत्र धनीपुर में भी उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज वितरण किए भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने घर घर जाकर के राष्ट्रीय ध्वज वितरण किए करीब सैकड़ों घरों में राष्ट्रीय ध्वज दिए गए हैं भाजपा किसान मोर्चा महानगर राष्ट्रीय ध्वज का वितरण में सबसे आगे हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि 15 अगस्त तक लगातार राष्ट्रीय तिरंगा झंडा का वितरण किया जाएगा रैली भी निकाली जाएगी इस समय मौजूद ठाकुर चित्र पाल सिंह महानगर उपाध्यक्ष किसान मोर्चा तिरंगा झंडा कार्यक्रम संयोजक ठाकुर हरपाल सिंह ठाकुर राजवीर सिंह गजेंद्र सिं मुन्ना सिंह लवकुश बीआईपी ठाकुर पत्रकार जितेंद्र पाल सिंह सत्येंद्र पाल सिंह सुरेश पाल सिंह रमेश पाल सिंह हरेंद्र पाल सिंह अनिल ठाकुर, अंकित ठाकुर छोटू ठाकुरधनीपुर से देवेंद्र पाल सिंह बघेल नाहर सिंह संतोष कुमार कश्यप सुरेश सिंह चीकू सावित्री देवी राजवीर सिंह प्रजापति आदि सैकड़ों किसान मजदूर एवं कार्य करता उपस्थित रहे

# गायब युवक का नाले में पड़ा मिला शव

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- सिरसिया थाने के टंगपसरी व कलकला के बीच बह रहे पहाड़ी नाले डगमरा मे अज्ञात युवक का शव पड़ा देखा गया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने सिरसिया पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नाले से बाहर निकाला और पहचान कराने का प्रयास किया। बाद जब आसपास के गांवों में पहुंची तो आसपास के गांव के लोग भी शव देखने के लिए पहुंचने लगे। देर रात मृतक की पहचान घोघवा कला निवासी एजाज उर्फ मुस्तकीम 25 पुत्र एनुल हक उर्फ प्रमुख के रूप में की हुई। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्मार्टम के लिए भिनगा भेज दिया गया। चौकी प्रभारी धर्मनतापुर राजकुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता एनुलहक ने बताया है कि मृतक मंदबुद्धि का था और गोरखपुर से इलाज चल रहा था। पिछले तीन दिन से घर से गायब था और तलाश की जा रही थी।

www.knlslive.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Then increased infection

If the terror of Corona is not taking its name to end, then the time has come to think differently on this problem. Recording of more than 16 thousand cases per day is not only worrying, but even more serious is the death of more than 50 people in a single day. Recently, the fear of corona decreased because the deaths due to corona became minimal. The terror of any disease or epidemic lasts only so far as there is a possibility of death. Now if the number of deaths starts increasing, then the terror of Corona will also return. Seasonality has also increased among people.

In this time of cough and cold, Corona is also increasing the pressure on hospitals. The total active cases in India has gone up to 1,28,261. The sudden increase in the cases of Kovid especially in seven states is a matter of concern for the Government of India. Health Secretary Rajesh Bhushan has also alerted seven states. In the letter to Delhi, Kerala, Karnataka, Maharashtra, Odisha, Tamil Nadu and Telangana, it has been indicated that crowded events should be avoided. There is an increase in mass gatherings, crowds have returned everywhere, restrictions are a thing of the past. In such a situation, there is no harm in the withdrawal of restrictions in view of the number of patients at the local level. An eye should also be kept on those schools, where apart from seasonal problems, cases of corona are coming to light.

Experts have been warning and everyone should maintain covid-friendly behavior, but how many people are careful? The imperative of physical distancing is understood to be over, hand hygiene has declined, wearing of masks in public places and avoidance of crowded areas has been reduced. Actually, the problem is this, people are going out for a walk even with the symptoms of the disease. Recently Nepal has returned suspected Indian tourists and it seems to be keeping an eye on visiting Indians in view of the increasing cases in India. Right now no country would like Corona to come from outside. Therefore, while people with symptoms need to be prevented from traveling and going in crowds, people feeling unwell should also stay at home.

The government guidelines are very clear. Fever, shortness of breath, cough, chest tightness, runny nose, headache, feeling sick, pneumonia, kidney complaints, loss of smell (anosmia) or loss of taste (ageusia) need to be taken seriously. In case of any of these complaints, a corona investigation has been advised. There is no doubt that the death toll must have increased because people are delaying investigation or treatment. Despite clear guidelines, if someone loses his life due to corona, then it is a big failure.

We can stay healthy by introducing better community. During the first wave in September 2020, 98 thousand cases were coming daily, during the second wave in May 2021, the daily cases reached more than 4 lakh 14 thousand. During the third wave in February 2022, 3 lakh 47 thousand were reached. If the fourth wave is visible now, then daily cases are running around 20 thousand and maybe with a little care we can control corona completely.

# Amidst reports of MMS leak, Anjali Arora's new song released

TV show 'Lock Up' fame Anjali Arora's new song 'Saiya Dil Me Aana Re', which is making headlines about MMS, has been released. See the reaction of users on social media. Anjali Arora in desi girl look“Anjali Arora has updated the release of her debut song 'Saiya Dil Mein Aana' in her latest Instagram post. Anjali shared a clip of this song and wrote, Ready to make all my saiyyans go - hamchamachamcham! --- I am ready to get all my slaves to be swaddled! --- On this caption of her, users are trolling her a lot by linking her to the news of MMS. Let us tell you that Anjali Arora's name was added with an MMS leaked in the past. This video claimed to be Anjali Arora. However, it is not yet confirmed that Anjali Arora is the only one in this leaked MMS. Releasing your first song in the midst of MMS leaked news can be a publicity stunt. Anjali Arora's look looks completely different in the song released after the TV show Lockup. In this song, Anjali is seen dancing in a desi girl look. It has not been even a day since this song was released on YouTube and it has got more than 3 million views. This song is a recreated version of the song Saiya Dil Mein Aana Re from the 1951 film Baahar. MMS Queen Anjali Arora - Let us tell you that a few days ago, the leaked MMS of Anjali, who shared pictures of her quirky performances in Maldives, is going viral on social media indiscriminately. When Anjali, who reached an event recently, was asked a question about MMS, she refused to give any kind of reaction. And asked to ask the next question. Even commenting and trolling continues on social media about this leaked video of users. Even about sharing Anjali's new song, users are writing lewd comments to her in the comment box. A user has given her the title till 'MMS Queen Anjal'. He has 11.6 million followers on Insta. If reports are to be believed, Anjali earns a lot from her videos posted on social media. There are also reports that she charges lakhs of rupees for one of her Instagram posts. On the work front, Anjali Arora can also be seen in 'Bigg Boss OTT'. In an interview, he had indicated this in talks.



# Aamir Khan gave his 100 percent as Lal Singh, the story got a little long

Star Cast: Aamir Khan, Kareena Kapoor, Naga Chaitanya, Mona Singh, Manav Vij Director: Advait Jain Review – Laal Singh Chaddha features historical events like Blue Star Operation, 1983 World Cup Victory, 1984 Sikh Riots, Sushmita Sen Missing Wearing the Crown of the Universe. However, Lal's personal timeline from kid to young boy sometimes seems off time as he looks the same for many years. However, the child actor (Ahmad Ibn Umar) who played the childhood character of Lal Singh is very cute and it is nice to see him on screen. His expressions and short lines will also win your heart. Shahrukh Khan also has a cameo in the film which is superb 2 hours 39 minutes movie is long and gets boring at times. The plot of Lal and his fellow army officer is tremendous. The sequence of Kargil War could have been better. Laal's track with Manav Vij will touch your heart and it will not feel like it has been forced into the script. Performance- Aamir Khan played the character of Lal Singh Chaddha very well. His hard work for so many years is clearly visible in the film. One of the good qualities of Lal Singh is that he is a great story teller. Otherwise, how does he start telling his story to a woman in the first meeting. At the same time, gradually all the people of the train start listening to his story. Aamir was completely immersed in the character of Lal Singh. Not only this, Aamir was called Mr. Perfectionist. Aamir has given his 100 percent in the film. Kareena Kapoor is looking gorgeous in every frame. Kareena has played Jerry's character in Forest Jump in a much better and more beautiful way.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# बाढ़ क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - कासगंज।पटियाली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ पटियाली एसडीएम प्रेमनारायण सिंह को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से पटियाली तहसील क्षेत्र के गाँव बरौना में गंगा का कटान रोकने के लिए ग्रामीणों की मांग पर जाल और पत्थर का इंतजाम किया जाए, जिससे जाल पत्थर डालकर कटान रुक सके। उन्होंने शासन प्रशासन से बाढ़ ग्रस्त इलाके के ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए तीन सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा है। पिछले कई दिनों से गाँव बरौना, तहसील पटियाली में गंगा द्वारा कटान हो रहा है। गंगा का पानी गांव के नजदीक पहुँच चुका है और गंगा के पानी की रफ्तार बहुत तेज़ है। गंगा के कटान से इस गांव में जानमाल का बहुत नुकसान हो सकता है। अतः आपसे निवेदन है कि गंगा के कटान को रोकने के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। बरौना गांव के किनारे जाल में भरकर बड़े-बड़े पत्थर डाले जाएं तभी यह कटान रूकेगा। इस संबंध में जितनी जल्दी प्रबंधन किए जायें गांव की सुरक्षा के लिए उतना ही अच्छा होगा। कादरगंज गांव पर गंगा के किनारे कच्चा बाँध बना हुआ है। बरसात में यह बाँध अक्सर कट जाता है जिससे आसपास के गाँव में जानमाल का नुकसान होता है। यहां के ग्रामवासी कई सालों से इस जगह पर पक्का बाँध और पत्थर की ठोकरें बनाने की माँग कर रहे हैं। अभी तक प्रशाशन ने इस मांग की तरफ ध्यान नहीं दिया है। अतः उत्तर प्रदेश सरकार और कासगंज जिला प्रशासन से मैं यह माँगें करता हूँ कि- (द्व). धुलाई-बगवास से मिहोला तक पक्का बाँध बनाया जाए ताकि गंगा कटान से जानमाल और कादरगंज पुल का बचाव हो सके। यह पक्का बाँध कादरगंज पुल के दोनों तरफ 1-1 चद्व बने। (द्वद्व). नेथरा गांव के कच्चे बाँध से कादरगंज शमशान तक पक्का घाट बनाया जाए। पक्का घाट बनने से गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को स्नान करने में काफी सुविधा होगी और पानी में डूबने वाली दुर्घटनाओं की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। इस दौरान, मोहम्मद शाहिद, राजेश भरद्वाज, नजमुल हुसैन, दीपक यादव समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया गया ध्वजारोहण व चलाया गया स्वच्छता अभियान




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - हर घर तिरंगा अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिहं द्वारा पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाया गया तत्पशात राष्ट्रिय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण कर सलामी दी गयी ! इसी क्रम में जिले के सभी थानों में प्रभारी निरीक्षकों व थानाध्यक्षों सहित सभी स्टाफ कर्मचारियों ने भी स्च्छता अभियान चलाते हुऐ

थानों पर राष्ट्रिय ध्वज का ध्वजारोहण कर सलामी दी ! समूचे जिले में स्कूलों एवं विद्यालयों के छात्रों द्वारा भी तिरंगे ध्वज को सीने से लगाकर तिरंगा मुख्य मार्गों पर तिरंगा यात्रा निकाली

# किसान नेता पंडित ललित कुमार मिश्रा ने खंड विकास अधिकारी गंजडुंडवारा को सौंपा ज्ञापन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - पटियाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरदोली के पक्के नाले को निर्माण के लिए पंडित ललित कुमार मिश्रा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने सौंपा ज्ञापन ज्ञापन में आग खंड विकास अधिकारी मुनीश वर्मा से ग्रामीणों व किसान नेताओं मांग कहां

कि देवलाल गुप्ता के मकान से पूर्व प्रधान देवसिहं शाक्य के तालाब तक पक्के नाले का निर्माण कराया जाये जिससे बरसात के पानी का सही निकास हो सके और ग्रामीणों के घरों व फसलों में पानी ना भरे इस मौके पर,अनुराग पांडे उर्फ चंदन नगरध्यक्ष पटियाली स्वराज, नमनीत पांडे नगर महामंत्री स्वराज,इसरार मन्सूरी नगर उपाध्यक्ष पटियाली स्वराज,महेंद्र शाक्य,जयवीर जाटव, पूरन शाक्य,राजू शर्मा, गंगाराम शाक्य, अर्जुन पंडित आदि बहुत से लोग मौजूद रहे

# महंगाई पर भारी उत्साह, घेवर-फैनी खरीदने के लिए लगी भीड़

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - रक्षाबंधन के लिए मिठाई विक्रेताओं की दुकानों पर घेवर-फैनी इस समय सबसे ज्यादा नजर आ रही है। खासतौर से रक्षाबंधन की ये मिठाइयां भी महंगाई से अछूती नहीं हैं। हालांकि त्योहार के उत्साह के आगे महंगाई पीछे रह गई और बुधवार को दुकानों पर घेवर-फैनी खरीदने के लिए भीड़ बनी रही। रक्षाबंधन का त्योहार 11 और 12 अगस्त को मनाया जाएगा। 11 को बृहस्पतिवार होने के कारण अधिकांश घरों में 12 अगस्त को बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधेंगी। त्योहार के मद्देनजर हफ्ते भर से मिठाई की दुकानें सजी हुई हैं। सबसे अधिक मांग घेवर और फैनी की है। 11 और 12 अगस्त को बंपर खरीदारी की उम्मीद को लेकर व्यापारियों ने पहले से ही काफी घेवर, फैनी तैयार कर रख लिया है। त्योहार के लिए बाहर जाने वाले लोगों ने बुधवार को भी इन मिठाइयों की खरीदारी की। शहर के घंटाघर, ठंडी सड़क, रेलवे रोड स्थित दुकानों पर भीड़ लगी रही। बाजार में वनस्पति घेवर 260 से बढ़कर 280 रुपये किलो, वहीं फैनी 200 से 240 रुपये तक के दाम पर बिकी। वहीं देसी घी



का घेवर 460 से बढ़कर 480 रहा। वहीं बुधवार को शहर के प्रमुख बाजार बाबूगंज सहित घंटाघर पर राखियों की खरीदारी करने वालों की भीड़ रही। पांच रुपये से लेकर सौ रुपये तक राखियां जमकर खरीदी गईं। इससे महंगी राखी से अधिकांश लोगों ने दूरी बनाकर रखी। सराफा की दुकानों पर चांदी की राखी 400 से 1500 रुपये तक की थी। काफी कम लोग इन्हें खरीदते हुए देखे गए। गिफ्ट सेंटरों पर रही भीड़ बहनें भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधेंगी तो भाई बहनों को गिफ्ट देंगे। इसके लिए गिफ्ट सेंटरों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। इसके अलावा चॉकलेट, कपड़े, ज्वैलरी देने के लिए भी खरीदी गई।

# सांसद आए न विधायक, हो गया भवन का लोकार्पण

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - शहर में नगर पालिका द्वारा संचालित महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में दूसरी मंजिल पर अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य कराया गया है। सुपुर्दगी से पहले ही कक्ष चटक गए हैं। इससे निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जबकि सांसद और विधायक से लोकार्पण कार्य कागजों में करा लिया गया। धरातल पर कोई पहुंचा तक नहीं और पटिया भी लगा दी गई है। शहर में जीटी रोड स्थित महारानी लक्ष्मीबाई बालिका इंटर कॉलेज में छह अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य नगर पालिका की ओर से वर्ष 2020-21 में कराया गया। गुणवत्ता ठीक न होने की वजह से कई कक्षों की दीवारें चटक गईं। गुणवत्ता की कमी को छिपाने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया और सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के नाम की लोकार्पण पट्टिका भी लगा दी गई। इस पर दर्शाया गया है कि विद्यालय में कमरों व बरामदे का निर्माण कार्य का लोकार्पण सांसद और विधायक द्वारा किया गया है। जबकि हकीकत यह है कि दोनों ही जनप्रतिनिधि कॉलेज में निर्माण पूर्ण होने के बाद भी लोकार्पण करने नहीं पहुंचे। कागजों पर ही भवन का लोकार्पण पालिका की ओर से करा दिया गया। अतिरिक्त कक्षों में फर्श किया नहीं बनाए ब्लैक बोर्ड जिस भवन का नगर पालिका की ओर से निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने की जिम्मेदारी थी। पालिका ने फर्श और ब्लैक बोर्ड (श्यामपट्टिका) तक नहीं बनवाई है। ब्लैक बोर्ड ही नहीं है तो विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई कैसे कराई जाएगी। जब कि फर्श पुराना ही मौके पर पड़ा है। शौचालय बनाने में की गई खानापूरी विद्यालय भवन के बराबर दक्षिण दिशा में दो शौचालय बनाए गए हैं। इन शौचालयों को बनाने में खानापूरी की गई है। शौचालय बनने के साथ ही चटक गए हैं और दरवाजे बंद नहीं हो रहे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# झारखंड ने हुक शॉट मारा तो बिहार में गिर गई सरकार, CM भूपेश बघेल ने कहा- हमें कमजोर समझने की कोशिश न करें



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने झारखंड के जनजातीय महोत्सव में केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले सुना था कि झारखंड में संकट पैदा किया जा रहा था। तख्ता पलट करने की कोशिश की जा रही थी। क्रिकेट की भाषा में कहें तो बाउंसर फेंका गया था, लेकिन झारखंड के लोगों ने हुक शॉट मारा तो बिहार में उनकी सरकार चली गई। सीएम भूपेश ने कहा कि हमें कमजोर समझने की कोशिश न करें। सीएम भूपेश ने कहा कि अभी तक ईडी, आईटी, सीबीआई छत्तीसगढ़ और झारखंड आती थी। हेमंत भाई अब जान लीजिए यह तमाम एजेंसियां बिहार भी जाना शुरू कर देंगी। चलो कुछ तो बंटवारा हो जाएगा। बघेल ने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ न केवल देश को ऑक्सीजन देने का काम कर रही है, बल्कि ऊर्जा देने का काम भी करता है। उन्होंने कहा कि 1980 में वनाधिकार मिला, लेकिन केंद्र सरकार ने रोक लगा दिया। 5 हेक्टेयर तक जमीन उपलब्ध कराने का अधिकार केंद्र सरकार ने वापस ले लिया। आदिवासी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी, स्कूल, तालाब, सड़क बनाने के लिए जमीन नहीं है।

### ग्रामसभा का अधिकार केंद्र सरकार वापस ले रही

सीएम भूपेश ने कहा कि अब ग्रामसभा का अधिकार केंद्र सरकार वापस ले रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासियों का अधिकार छीना जा रहा है। कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने नियमों को बदल दिया गया। पर्यावरण की स्वीकृति मिल जाएगी और आप ग्रामसभा करते रहिए। जबकि नियम यह था कि पहले ग्राम सभा से स्वीकृति मिलेगी, तब भारत सरकार पर्यावरण की स्वीकृति प्रदान करेगी, लेकिन आपने नियमों को ही पलट दिया। ग्रामीण और अदिवासी क्षेत्रों का अधिकार छीनने का काम किया जा रहा है, इसलिए लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। हमारी संस्कृति बहुत प्राचीन है, जिसे सहेजने का काम करना होगा।

## छात्र-छात्राओं के लिए हेल्प डेस्क लगाया गया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के छात्र नेताओं के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित जिले के सबसे बड़े अग्रणी महाविद्यालय पंडित रेवती रमण मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए आ रहे छात्र-छात्राओं के लिए हेल्प डेस्क लगाया गया है। इस संबंध में छात्र नेता कौनेन अंसारी ने बताया की महाविद्यालय में प्रवेश लेने आने वाले छात्रों के लिए एनएसयूआई के द्वारा प्रतिवर्ष छात्र सहायता केंद्र खोला जाता है। इस वर्ष भी सूरजपुर महाविद्यालय के साथ जिले के अन्य महाविद्यालयों में छात्र सहायता केंद्र खोले गए हैं। छात्र सहायता केंद्र में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को एडमिशन सहित अन्य दिक्कतों के संदर्भ में आवश्यक मदद की जा रही है। वही कई छात्र जिनके निवास व जाति प्रमाण पत्र भी नहीं बने हैं, उसके लिए भी पहल एनएसयूआई के द्वारा की जा रही है। कौनेन अंसारी ने बताया इस कड़ी में अगले चरण में जिन छात्रों का एडमिशन महाविद्यालय में हो जाएगा उनके लिए जिला परिवहन अधिकारी से बातचीत कर महाविद्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए भी कैंप एनएसयूआई के द्वारा लगाया जाएगा। इस दौरान आयोजन में मनीष देवांगन, अदनान सिद्धकी, अलीशा इमरान, सलमान अली, गुलाब राम राजवाडे, आरिफ अली सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## श्रम विभाग द्वारा व्यापारियों को बाँटे गए तिरंगा



प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कानपुर/बिल्हौर- आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को बिल्हौर श्रम विभाग के अधिकारियों के द्वारा बिल्हौर नगर में व्यापारियों को तिरंगा झंडा वितरण किया गया,झंडा वितरण कार्यक्रम अमित सिंह , विश्राम सिंह , राकेश कुमार कमल , के नेतृत्व में किया गया, श्रम विभाग के अधिकारियों ने प्रकाश चंद गुप्ता ( उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष ), वेद प्रकाश अवस्थी, राजू राठौर, किशोर कश्यप, अनिल राठौर समेत अन्य व्यापारियों को तिरंगा झंडा वितरित किए।

## खान खा चिश्त बरेली हुसैनी लंगर का इंतजाम किया गया



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-खान खा चिश्त बरेली हुसैनी लंगर का इंतजाम किया गया जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने बढ़ कर हिस्सा लिया खान खा? चिश्त गद्दी नशीन सय्यद आरिफ अली चिश्ती ने बताया यह लंगर हुसैनी लंकार के नाम से काफी समय से चलता हुआ आ रहा है इसमें सभी शरीक होकर हुसैनी लंगर भोजन का आनंद लेते हैं इस लंगर की एक खासियत है इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की नियज़ दी जाती है जिसमें खाने में बरकत हो जाती है आम जनता भरपेट खाना खाकरनारे हुसैनी लगाती है लंगर के मौके पर महिलाओं के लिए ने का अलग से प्रबंध किया जाता है मोहर्रम की 1 तारीख से लेकर लगातार 12 मोहर्रम तक सिलसिला जारी रहता है

## जिलाधिकारी ने राष्ट्रध्वज के संबंध में दिये महत्वपूर्ण टिप्स

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' अभियान के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 13 से 15 अगस्त, 2022 तक ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होने बताया कि इसका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।जिलाधिकारी ने राष्ट्रध्वज को तैयार करने हेतु महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए बताया है कि झण्डे का आकार आयताकार होना चाहिए, तथा इसकी लम्बाई एवं चौड़ाई का अनुपात 3:2 होनी चाहिए। यदि झण्डे की लम्बाई 3 फीट हो तो चौड़ाई 2 फीट होनी चाहिए। झण्डा बनाने की सामग्री खादी अथवा हाथ से कता हुआ कपड़ा/मशीन से बना हुआ कपड़ा/ सूती/ पॉलीस्टर/ऊनी/सिल्क आदि हो सकती है। झण्डे तीन रंगों में सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद तथा नीचे हरे रंग का प्रयोग कर बनाये जायेंगे। सफेद पट्टी में 24 तीलियों वाले अशोक चक्र को बाद में प्रिन्ट किया जाना चाहिए उन्होने यह भी बताया कि राष्ट्रध्वज फहराते समय प्रत्येक नागरिक को अपने आवास/स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना/लगाना चाहिए। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए। झण्डे को यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिये सूर्यास्त के साथ ही सम्मान के साथ इसे उतारना चाहिए। 11 से 17 अगस्त, 2022 तक निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने वाले झण्डों को समयावधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर सुरक्षित रखा जायेगा। झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक के द्वारा इसे फेंका नहीं जायेगा। उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए। विशेष परिस्थितियों में झण्डा रात्रि में फहराया जा सकता है। हर घर पर झण्डा विधिवत् तरीके से लगाया जाना चाहिए। आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा।

## नवजात शिशुओं/बच्चों/गर्भवती/धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ क्षम्य नही-जिलाधिकारी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार नवजात शिशुओं/बच्चों/गर्भवती/धात्री महिलाओं को स्वस्थ्य रखने हेतु प्रतिबद्ध है, इसी उद्देश्य से आई0सी0डी0एस0 विभाग द्वारा तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों पर जाएं, और निरन्तर मानिटरिंग करके सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं बच्चों एवं महिलाओं को उपलब्ध करायें। यदि किसी भी अधिकारी द्वारा इसमें शिथिलता बरती गई तो निश्चित ही उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। क्यों कि अब किसी भी दशा में बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, और बच्चों की स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती भी किया जाए। पोषण पुनर्वास केन्द्र में रजिस्टर बनाया जाए, उसमें बच्चों की भर्ती की तिथि, बच्चों के अभिभावक का मोबाईल नम्बर सहित पूरा पता, भर्ती के दौरान दी गई दवाओं का विवरण एवं बच्चे की हिस्ट्री तथा डिस्चार्ज की तिथि की उल्लेख के साथ ही उनका फॉलोअप भी किया जाए। आंगनवाड़ी केन्द्रों की जांच के उपरान्त नोडल अधिकारियों द्वारा अपनी रिपोर्ट में जिन कमियों का उल्लेख किया जाता है, सम्बन्धित सी0डी0पी0ओ0 की जिम्मेदारी है कि उन कमियों को समय से दुरूस्त करायें। और समय से प्रतिदिन आंगनवाडी केन्द्रों के खुलने और बन्द होने की रिपोर्ट प्रेषित करें। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात कर्मचारियों की टीम कुपोषित बच्चों के घर जाएं और उनके माता-पिता एवं परिवार को बच्चे को सुपोषित करने के बारे में बताये तथा साफ-सफाई हेतु प्रेरित करें। ग्रामीण पोषण स्वास्थ्य दिवस (वी0एच0एन0डी0) सत्र की मानिटरिंग करेंगे। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषण वाटिकाओं का भी बेहतर ढंग से करायें। इसके साथ ही सैम-मैम, लाल-पीले बच्चों का वजन कराकर उनकी भी हर माह की 07 तारीख को रिपोर्ट प्रेषित करें।